Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 16.11.2021 | अंक 56

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वच्छ, निर्भीक एवं निष्पक्षता पत्रकारिता जरूरीः नाजिर अख्तर

## राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन, अपेम के 40 पत्रकार हुए सम्मानित

**अपेम लाइवः बरही**

राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के अवसर पर बरही तिलैया रोड स्थित उत्सव वाटिका में अपेम बरही की ओर से पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकम मे मुख्य अतिथि के रूप में एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बरही अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, थाना प्रभारी नीरज सिंह, केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक गौतम गुप्ता, मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी, चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार, संरक्षक डॉ विजय कुमार, मुकेश मधेसिया, मो कयूम, श्रीनिवास गिरी एवम तापेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं संचालन राज आर्यन एवम सुनील कुमार ने किया। सभी उपस्थित अतिथियों का बुके एव श०ल के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कुल 40 पत्राकारों को प्रिंटेड मोमेंटो, उपहार एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिन्हें सम्मानित किया गया। उनमे रितेश कुमार, अनुज कुमार, सोनू पंडित, वीरेंद्र कुमार, धनंजय कुमार, अजय कुमार , अजीत कुमार, रियाज खान, सुनील कुमार, संतोष पांडेय, विक्रम सिंह, पंकज कुमार, , पप्पू केशरी, ,शाहबाज़ खान, विक्रम बरनवाल, धीरज कुमार, मिथुन कुमार, अमित राज, अपेम आर्ट एंड कलचर से राज परमानंद पांडेय, ईश्वर यादव, रामसेवक राणा, धीरज प्रजापति, मालाकार, कृष्णा प्रजापति, अमित आर्यन, विकाश कुमार, विकाश विश्वास, प्रख्यात कुमार सहित 40 लोग शामिल है। कार्यक्रम में अपेम आर्ट एंड कल्चर से जुड़े बिकास कुमार, विकास विश्वास में सिंगिंग एव डांस का प्रस्तुति देकर मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा कि पत्रकारिता के धर्म है। जिसे हर पत्राकर को ईमानदारी पूर्वक पालन करनी चाहिए। सकरात्मक खबरों से समाज को आइना दिखाया जा सकता है। इंस्पेक्टर नीरज सिंह ने कहा की पत्रकारिता के माध्यम से समाज को नई दिशा दिया जा सकता है। सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने कहा कि लोकतंत्र के चौथा स्तम्भ को मजबूत रखना है। लेकिन पत्रकारिता भी स्वच्छ, निष्पक्ष होनी चाहिए। मुख्य संरक्षक कपिल केशरी ने अपेम की भावी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए कहा कि अपेम बड़ा परिवार बन गया है। हम सब सहयोग कर इसे और ऊंचाइयों पर ले लाया जा सकता है। मौके पर लोकेश मिश्रा, सुबोध कुमार, दीपेश कुमार, गुलाब प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।



पत्रकार सम्मान कार्यक्रम में शामिल अपेम से जुडे पत्रकारगण एवं अधिकारीगण

APEM LIVE

## कार्यक्रम की कुछ महत्वपुर्ण झलकियां












डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



































**APEM LIVE**



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बेन्दगी में आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

## 28 दिसम्बर तक जिले के 250 पंचायतों में लगेंगे विभिन्न विभागों के स्टॉलयुक्त शिविर



शिविर का उद्घाटन करते अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि

**अपेम लाइव : बरही**
**बिरेन्द्र कुमार**

झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर हजारीबाग जिले के सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बेन्दगी पंचायत के आईटीआई भवन में शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन सीओ अरविन्द देवाशीष टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि बिनोद कुमार यादव, डॉ प्रकाश ज्ञानी, अब्दुल मनान वारसी, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव , एमओ आज़ाद सिंह, ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। मौके पर आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण-पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल-खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचा. लित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो-विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई ताकि वे इन योजनाओं के बारे में जान सके और स्वरोजगार कर मुख्यधारा से जुड़ते हुए बेहतर जीविकोपार्जन कर सकें। वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग के तरफ जांच स्टॉल लगाकर शि. विर में आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी गई। मौके पर जविप्र0 विक्रेता गणेश साहु, बीरेंद्र कुमार, रविन्द्र कुमार, मनोहर यादव, एएनएम अमृता कुमारी, ममता कुमारी, सहिया साथी शाहजहॉ बेगम सहिया सरोज देवी, बिजेंद्र कुमार, महादेव कुमार, झमन यादव, रघुनंदन यादव, दिनेश साव, सुरेश गिरी मनोज साव, राजेश यादव आदि लोग मौजूद थे।



शिविर मे साडी धोती / लुँगी वितरण करते एमओ



शिविर मे टीकाकरण करती एएनएम

आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः--17.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतुः---शरद
माहः---कार्तिक
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---त्रयोदशी तिथि दिन 10:10 मिनट तक उपरांत चतुर्दशी तिथि
दिनः---बुधवार
नक्षत्रः---अश्विनी नक्षत्र
योगः---व्यतिपात
करणः---तै
सूर्योदय :---प्रातः 06:37
सूर्यास्त : संध्या 05:23
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मेष राशि में
आज का राहूकाल दिनः---12:00 बजे से दिनः---01:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज वैकुण्ठ चतुर्शी व्रत होगा।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# रजरप्पा के अमित राज कर रहे है अभिनय में अपना नाम रोशन...



**अपेम लाइव : बरही**

रजरप्पा के अमित राज कर रहे है अभिनय में अपना नाम रोशन। बरही में हाल ही एक भोजपुरी फ़िल्म का शूट हुआ है जिसमे अमित राज एक अहम किरदार में नजर आएंगे साथ ही उनके कुछ और भी कलाकार फ़िल्म में नजर आएंगे। अमित राज से बातचीत के दौरान पता चला कि वो बरही में काम करके बहुत खुश है उन्होंने बताया कि वहाँ के लोग ओर वहाँ का माहौल फ़िल्म शूट के लिए बहुत अनुकूल है। साथ ही साथ वो अपने अभिनय कैरियर के लिए अपनी माता रीना देवी और पिता गोविंद साव ओर गुरु मुकेश राम प्रजापति का धन्यवाद करना करना चाहते है और इस फ़िल्म के लिए सतीश शीतल, डॉ अनिल ओर राज आर्यन को धन्यवाद करना चाहते है। साथ ही बरही में आगे और भी काम करने के लिए उत्साहित है।






दिनांक: 16-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




## बरसोत एवं श्रीनगर स्कूल में नव भारत जागृति केंद्र के द्वारा लगाया स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर

**अपेम लाइव : बरही**



स्वास्थ्य जांच करते एनबीजेके के कर्मी

बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत भवन एवं श्रीनगर स्कूल में मंगलवार को नव भारत जागृति केंद्र के द्वारा नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें लगभग पंद्रह लोंगो का मोतियाबिंद जांच हुआ, उनका ऑपरेशन भी संस्था के द्वारा ही किया जाएगा । इसके अलावके सर्दी , खांसी, जुकाम, बुखार का लगभग 100 लोंगो को जांच कर दवा भी दी गई। संस्था से जांच दल में डॉ आर एन सिन्हा, जिला समन्वयक आलोक टोप्पो, ए एन एम नीलम खलको, सुनीता कुमारी, मोतियाबिंद जांचकर्ता भीम कुमार एवं रौशन कुमार, शि. विर प्रभारी अजय कुमार, प्रचार प्रसार के लिए राजू कुमार, सुजीत प्रसाद, राजेश कुमार ने अपना योगदान दिया। नव भारत जागृति केंद्र के द्वारा बरसोत पंचायत में बेहतर सेवा देने के लिए स्वास्थ्य साहिया बबिता देवी एवं बीना देवी को स्थानीय मुखिया/प्रधान सीता देवी के हाथों से स्वास्थ्य किट देकर सम्मानित किया गया जांच करवाने वालों व्यक्तियों में महेंद्र महतो,मुनवा देवी,रामचन्द्र प्रसाद,जोधली देवी,महादेव माली, शम्भू ठाकुर एवं डेगो महतो ने जांच करवाया। जांच स्थल पर समाजसेवी सह बरसोत प्रधान प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो एवं वार्ड सदस्य अजय कुमार राम राज जांच शिविर में देख रेख करते रहे।

## तापेश्वर प्रसाद ने अपने क्षेत्र के अलग अलग गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान, माँगा समर्थन।



जनसंपर्क अभियान चलाते तापेश्वर प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**

बरही पश्चमी से जीप प्रत्याशी कुंती देवी के पक्ष में तापेश्वर प्रसाद ने अपने क्षेत्र के अलग अलग गांवों में जैसे बरहीडीह, खैरोन एवं बाराटांड़ में जनसंपर्क अभियान चलाया। जहाँ लोग उनसे मिलकर अपने अपने गांव के समस्या के बारे में बताया। वहीं तापेश्वर प्रसाद ने लोगों को अपील करते हुए कहा कि एक बार मुझे सहयोग करे, वहीं लोग उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया है। मोके पर जितेंद्र केशरी, संजय सिंह, राजवंशी सिंह, जीतु ठाकुर, विक्रम सिंह, होरिल सिंह, राकेश कुमार, मनोज साहु, दीपक, रोहित कुमार, बंटी कुमार, सागर कुमार, छोटे, अमर कुमार, विकास, सूरज राजन, करण, रा. जेश, मुकेश, अंकित, मिथुन, रा. जदीप एवं सकलदेव कुमार मौजूद थे।

## पशु लदा ट्रक को गोरहर पुलिस ने किया जब्त, तीन गिरफ्तार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

गोरहर पुलिस ने पशु लदा ट्रक को पकड़ा है। पकड़े गए ट्रक में 38 पशु के साथ तीन लोंगो को गिरफ्तार किया है। जिसमें चालक अनिल कुमार यादव पिता नन्दन बिहारी सिंह थाना पियारो जिला भोजपुर निवासी तथा व्यापारी रमेश सिंह पिता दशई सिंह थाना पियारो जिला भोजपुर निवासी, जंगाली सिंह यादव थाना विक्रम गंज जिला रोहतास निवासी को पकड़ा हैं। इस दौरान पुलिस ने चालक से पूछ तो बताया कि बिहार से पश्चिम बंगाल से ले जाया जा रहा था। मामले में ट्रक से संख्या एन एल 01एल 8100 के मालिक अशोक सिंह पर भी प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले को लेकर गोरहर थाना कांड संख्या 56/21 के तहत मामला दर्ज की गई।



ट्रक मे लदे मवेशी

## कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने जन जागरण सह जन संवाद पदयात्रा कार्यक्रम का किया शुभारंभ



पदयात्रा मे शामील लोग

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 14 नवंबर से 29 नवंबर तक चलने वाले जन जागरण जन संवाद तथा पदयात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस कमिटी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को कांग्रेस कमेटी बरकट्ठा के द्वारा प्रखंड मुख्यालय से लेकर डाकठीह मोड से बाजार मंदिर होते हुए पतालसुर पुल तक पदयात्रा किया। पदयात्रा के दौरान पेट्रोल डीजल खाद पदार्थ बढ़ती दामों को लेकर अभियान चलाया जाएगा। प्रखंड अध्यक्ष ने कृषि कानून को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुवे कहा कि किसान एक साल से आंदोलन कर रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री किसानों के प्रति चुप बैठे हैं। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, प्रखंड सदस्यता प्रभारी संतोष कुमार देव, वरिष्ठ नेता मणिलाल चौधरी, नारायण प्रसाद, शंकर साव, भुनेश्वर दास, फरीद उद्दीन, अजय पासवान, मणिलाल पासवान, नारायण साव, शहादत अंसारी, वाहिद अली, राजेश कुमार, शंकर मांझी, सुजीत पासवान समेत कई लोग शामिल थे।

## कोरटेवा एग्रीसाइंस ने किसानों के साथ फसल कटाई दिवस मनाया



कार्यक्रम मे शामील लोग

**अपेम लाइव : चॅंदवारा**

प्रखंड के पुरनाडीह में विश्व की अग्रणी बीज कंपनी कोरटेवा एग्रीसाइंस (पायोनियर) ने फसल कटाई दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में पुरनाडीह सहित अन्य गांवों के किसानों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में पायोनियर संकर धान 27 पी 37 की तुलना अन्य धान से किया गया। दोनों धान को बराबर 25 वर्गमीटर काटा गया। जिसमें पायोनियर 27 पी 37 धान सात क्विंटल से विजयी हुआ। मौके पर कंपनी के मै. नेजर समित कुमार ने बताया कि पायोनियर 27 पी 37 धान एक उन्नत प्रकार के धान है। जिसकी बाली लंबी और वजनदार होती है। जो किसी अन्य धान की तुलना में अधिक उपज और लाभ देती है। उन्होंने बताया कि ये धान एक और दो नम्बर की जमीन में लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि पायोनियर कंपनी हमेशा किसानों की उपज बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करती रहती है और हमेशा नए हाइब्रिड बीज और नई तकनीक के साथ किसानों के बीच हमेशा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि पायोनियर संकर धान 27पी37 एक उन्नत संकर धान बीज है जो किसानों की उपज बढ़ाने में सक्षम है तथा यह मौसम की विपरीत परिथितियो में भी किसानों को अच्छी उपज देती है। मौके पर कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी निरंजन कुमार यादव , सहित भारी संख्या में किसान मौजूद थे।




सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कान्हाचट्टी के पत्रकारों को किया गया सम्मानित

### पत्रकार भी विकास के एक अहम पहलू हैं : सी ओ

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**



पुरानी प्रखण्ड परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस जे शुभ अवसर पर प्रखण्ड के सभी पत्रकारों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम मदगड़ा पंचायत के मुखिया योगेश यादव के द्वारा आयोजित था।जिसमे मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं विशिष्ट अतिथि बी पी ओ निरजंन सिंह उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।उसके बाद कार्यक्रम को सम्बो. धित करते हुए बी डी ओ श्री महतो ने कहा कि पत्रकारिता आज के युग मे करना बहुत कठिन है। पत्रकार किसी भी क्षेत्र में विकास के एक पहलू के रूप में जाने जाते हैं।पत्रकार जब अखबार में या न्यूज में लिखते हैं तो उसका असर सरकार पर पड़ती है ,जिस जगह की विकास से सम्बंधित जानकारी प्रशासन को नहीं होती उसे अखबार या पत्रकार के माध्यम से जानकारी के बाद वैसे जगह पर विकास कार्य सम्पन्न कराया जाता है।वही बी पी ओ निरजंन सिंह ने भी पत्रकारिता के चरित्र को बताया कि आज के युग मे पत्रकारिता कितना कठिन है।वही मदगड़ा मुखिया ने कहा कि पत्रकारों को एक जुट होकर काम करने की जरूरत है चुकी पत्रकार दुसरो की समस्या या तकलीफ को लिखते हैं जिनका निदान भी सरकार करती है लेकिन पत्रकार अपने लिए कुछ भी नहीं लिखते है। सरकार को पत्रकारों को अतिशीघ्र पेंशन योजना से जोड़ना चाहिए और पत्रकारों को सरकार बीमा कराए। कार्यक्रम को पत्रकार शंकर सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, ब्रजेन्द्र मिश्र, सीताराम यादव, निकेश मिश्र, ओम प्रकाश ठाकुर,नीरज सिंह, सहित सभी पत्रकार उप. स्थित थे

## मानजोरी पंचायत अंतर्गत मंडरडीह में कार्तिक उद्यापन को लेकर निकाली गई बाराती

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



गिरिडीह इस संबंध ने बताया गया कि मंडरडीह स्थित चन्द्रिका देवी के यहां सात दिवसीय कार्तिक उद्यापन का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर चन्द्रिका देवी के द्वारा महा अनुष्ठान की शुरुआत कलश यात्रा के साथ की गई।इस दौरान कलश यात्रा के दौरान काफी संख्या में युवतियां और महिलाएं माथे पर कलश लेकर माल्डा सकरी नदी पहुंची। नदी में पुजारी के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर कलश में पवित्र जल भरवाया। जिसके उपरांत कलश को पूजन स्थल पर विराजमान किया गया। फिर महा अनुष्ठान स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना करवाकर देवताओं और कलश की स्थापना की गई। बताया गया कि इस यज्ञ में प्रत्येक दिन पूजा अर्चना की जाएगी एवम् सुबह व शाम को आरती के बाद विद्वानों द्वारा भागवत कथा प्रस्तुत किया जाएगा। बताया गया की यह अनुष्ठान सात दिनों तक चलेगी जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होंगे।

## बिरनी के बलगो मुखिया ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरण

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलगो पंचायत के मुखिया जानकी रजक ने झारखंड सरकार के द्वारा गरीब, असहाय वृद्ध एवं वृद्धाओं के उपलब्ध करवाये गये कम्बलों का वितरण किया। इस बीच कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रतिनिधि अली असगर,युनुष अंसारी, आदि महिला पुरुष उपस्तिथ थे।

## विकास सेवा समिति ने 15वां स्थापना दिवस मनाया उत्कृष्ट कार्य के लिए सदस्यों को सम्मानित किया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




स्थापना दिवस के मौके पर उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यगण

टंडवा रोड स्थित संचालित विकास सेवा बचत सहका. रिता समिति लिमिटेड ने 15 वां स्थापना दिवस मनाया। स्थापना दिवस के मौके पर लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्थापना दिवस के मौके पर विकास सेवा समिति के द्वारा संचालित ज्ञानोदय विकास स्कूल में अध्यक्ष दशरथ कुमार की अध्यक्षता एवं स्कूल के सचिव सिकंदर सोनी के संचालन में कार्यक्रम आयोजित की गई। संस्था के लिए पूरे वर्ष में उत्कृ ष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मौके पर दशरथ कुमार ने कहा कि सदस्यों के मेहनत रंग ला रहा है, संस्था निरंतर बेहतर कार्य कर रही है। हमें स्कूल में बच्चों के नामांकन एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष दशरथ कुमार, सचिव बुद्धिनाथ महतो, रंजीत कुमार, धनुषधारी महतो, देव प्रसाद, प्रवीण कुमार,उमेश प्रसाद, सिकंदर कुमार सोनी, शंभू ठाकुर ,लखन महतो, सुरेंद्र कुमार, विदेशी कुमार दांगी, शशि मेहता, योगेंद्र कुमार, ज्ञानी कुमार, जय हिंद महतो, जितेंद्र कुमार, अमलेश कुमार, अभिनव कुमार, अरविंद कुमार, विशुन दयाल, अजय कुमार, बालमुकुंद प्रसाद, कौलेश्वर साव, अशोक कुमार, रविंद्र महतो, सरोज कुमार, रेनू कुमारी, गुड़िया देवी, जयंती देवी, किशोर कुमार, रूद्र नाथ महतो के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जागृति महिला संघ नें 270 कंबल का वितरण

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



वृद्धों के बीच कंबल वितरण करते अतिथि

एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की जागृति महिला संघ की अध्यक्षा पद्मावती मुथ्याला ने उदयपुर, कटकमदाग स्थित विद्यालय में सीएसआर के अंतर्गत 270 कंबलों का वितरण किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पुष्पा देवी, प्रखंड कांग्रेस कमिटी कट. कमदाग के अध्यक्ष गोवर्धन गंझु, शारदा रंजन दूबे,ि वनोद गंझू , नागेश्वर गंझू सुनील गंझु एवम एनटीपीसी के कमला राम रजक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थेस वहीं सर्दी के इस मौसम में कंबल पाकर सभी ग्रामीण खुश थे और एनटीपीसी के प्रति उन्होंने आभार प्रकट किया।

## बीईईओ ने बैठक कर प्राइवेट स्कूलों को दी कई निर्देश

### छोटे बच्चों को विद्यालय बुलाने पर यू डाइस रद्द करते हुए होगा कार्रवाई : बीईईओ

**अपेम लाइव : चौपारण**



कार्यक्रम में शामिल लोग

प्रखण्ड के चौपारण ब्लॉक स्तिथ नया सवेरा विद्यालय में प्राइवेट स्कूलों की बैठक प्रखण्ड शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रीना मैम ने की। बैठक का संचालन नंदकिशोर राज ने की। बैठक में वर्ग अष्टम में एनर०लमेंट हुए विद्यालय वार संख्या सूची बद्ग किया गया वही बीईईओ मैम ने बुधवार तक अन्य छूटे हुए विद्यालयों की सूची अनिवार्य रूप से उपलब्ध करने को कहा। वहीं बीईईओ ने कहा कि सभी शिक्षकों को वैक्सीनशन अनिवार्य रूप से लगवाना है तभी विधालय में एंट्री दें। साथ ही विद्यालय के साफ सफाई पर भी जोर दी। वहीं सबसे महत्त्वपूर्ण निर्देश देते हुए कही की ऐसी सूचना मिल रही है कि प्रखण्ड के कुछ विद्यालय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आदेश के बिना वर्ग पांचवी तक विद्यार्थियों को बुला रहे हैं, जिसे तत्काल बन्द करें नही तो पकड़े जाने पर उक्त विद्यालय का यु डाइस रद्द करते हुए विद्यालय पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सुनील सर, अशोक सर, संजय सर, मदन राणा, मदन साव, विनोद पांडे , देवेंद्र पांडे, जितेंद्र प्रसाद इत्यादि विद्यालय प्रभारी उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम' का हुआ आयोजन, जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल लोग

बड़कागांव प्रखंड के सिंदवारी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य सरकार द्वारा लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुग. मता से उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक पंचायत में आगामी 29 दिसंबर तक पूरे झारखंड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम में विभिन्न स्तरों पर शिविर लगाए गए। लोगों ने शिकायतों व समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। मिट्टी नमूना संग्रहण 23, कृषि संबंधित पत्रक वितरण 54, कृषि संबंधित जानकारी 42, अन्य जानकारी 22, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना 8, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना 8, जिसमें प्रतिवर्ष क्रमशः 12 एवं 330 है जिसमें दुर्घटना एवं मृत्यु होने पर दो लाख का बीमा दिया जाता है। केसीसी आवेदन 8, पशुपालन विभाग से 23 आवेदन लिया गया, जिला मत्स्य विभाग से केसीसी मत्स्य संपदा योजना के तहत जानकारी एवं 12 आवेदन, वही यशोदा देवी द्वारा राशन कार्ड सरेंडर किया गया, कोरोना वैक्सीनेशन 71 एवं सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 84 लोगों का स्वास्थ जांच किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडिया ` जितेन्द्र कुमार पांडेय, कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे, संजय महतो, मुखिया सरिता पल्लवी, पूर्व मुखिया मोहन महतो, अशोक राम, सुरेश प्रसाद, जमाल सगीर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बाबर हुसैन, कुलेश्वर राम के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का चोरदाहा से शुभारंभ

**अपेम लाइव : चौपारण**




कार्यक्रम में शामिल लोग

झारखंण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार का शुभारंभ मंगलवार को प्रखण्ड के चोरदाहा से हुआ ।कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ सह प्रभारी सीओ प्रेमचन्द सिन्हा ने किया। श्री सिन्हा ने एक दिवसीय शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि श्री सिन्हा ने कहा कि सरकार के हर जनकल्याणकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम ब्यक्ति तक पहुँचे। इसके लिए जागरूकता के साथ साथ त्वरित समाधान हो सके इसके लिए प्रखण्ड के सभी विभागों की टीम आज चोरदाहा में विभागवार शिविर लगाकर जनसमस्याओं के समाधान का कार्य किया। वहीं जेएसएलपीएस बीपीएम मुकेश करमाली ने बताया कि फूलो झानो योजना अंतर्गत आशिर्वाद योजना अंतर्गत दारू हड़िया बेचने वाले चार महिला परिवारों का रजिस्ट्रेशन हुआ है जिसके तहत इन्हें दूसरे रा.ेजगार से जोड़ा जाएगा। वहीं विभिन्न सरकारी योजनाओं तक जरूरतमंद लोगों की पहुंच आसान करने और राशन कार्ड , किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन योजना, ज०ब कार्ड, सहित विभिन्न तरह के आवेदनों का मौके पर निपटारा किया

## प्रभा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने सीबीएम गैस प्रोजेक्ट के अंतर्गत माइंस वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया

### स्थानीय युवाओं को दी जाएगी ट्रेनिंग : सीईओ प्रेम सिंह साहनी

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



ट्रेनिंग में शामिल लोग

प्रभा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोजेक्ट सीईओ प्रेम सिंह साहनी द्वारा शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि इस ट्रेनिंग सेंटर में स्थानीय युवा युक्तियों को 10 से 15 दिनों का ट्रेनिंग दिया जाएगा। यह सर्टिफिकेट कोर्स होगा जिससे युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर माइंस में कार्य कर सकेंगे ।प्रशिक्षण का उद्देश्य है कि युवा पीढ़ी को टेि. क्नकल ज्ञान की जानकारी देकर मजबूत करना ।इस कार्यक्रम में प्रोजेक्ट मै. नेजर डॉक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह एवं कंपनी के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। माइंस वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर जो की तलशवार गांव के वेल एनके 3 में बनाया गया है ।यहां पर स्थानीय युवाओं के लिए माइंस की ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाएगी जिसका पहला बैच का शुभ आरंभ करने की तैयारी तैयारी चल रही है ।स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण केंद्र खुल जाने से यहां के स्थानीय युवाओं को एक बेहतर ट्रेनिंग मिल सकेगी और वह माइंस में काम करने के लिए सक्षम हो पाएंगे ।साथ ही वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया गया। एवं मौके पर कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए।

## धर्म परायण बनें, सेवा करें : महंत फलाहारी बाबा

### हनुमत मंदिर में बारह घंटे का अखंड कीर्तन

**अपेम लाइव : चौपारण**



चौपारण के बिगहा बाजार स्थित हनुमान मंदिर में कीर्तन करते श्र)ालु

कार्तिक एकादशी के अवसर पर हनुमत सेवा संस्था द्वारा बिगहा बाजार स्थित राजा गढ़ परिसर में स्थापित हनुमान मंदिर में 12 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया । इस दौरान श्रद्धालुओं ने हरे राम हरे कृष्ण कीर्तन के बोल पर रात भर झूमते रहे। सुबह ईश्वर की आराधना के बाद कीर्तन का समापन हुआ। इस दौरान विशेष पूजा का आयोजन हुआ ।क्षमंदिर पूजा में विराजमान महंत फलाहारी बाबा ने विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया। उन्होंने रामायण पाठ कर भगवान की स्तुति की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि धर्म परायण रहकर लोगों की सच्ची सेवा करना ही भगवान की सेवा है। धर्म परायण लोग ही अपने जीवन पथ पर अग्रसर होकर श्रेष्ठ मार्ग पर चलते हैं। उन्हें ईश्वर असीम खुशी प्रदान करता है। यदि कर्तव्य परायण होकर हर व्यक्ति अपने दायित्वों को करता रहे तो जीवन में कोई दुखी नहीं होगा। उन्होंने सक्षम लोगों से गरीबों की सेवा करने का भी आह्वान किया । इसके पूर्व महंत फलाहारी बाबा के हरिद्वार और ऋषिकेश की संगम स्नान के बाद मंदिर लौटने पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान आनंद चंद्रवंशी, कुमार राहुल, संजय सिंह, रामचंद्र सिंह, विनोद सिंह, रामप्रवेश सिंह, बबलू सिंह, आशीष सिंह , संजय चंद्रवंशी, प्रेम चंद्रवंशी, शिवपूजन केसरी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु की उपस्थिति रही।

## महिला ने कैटरिंग में काम करने वाले दो सहकर्मियों पर बलात्कार का लगाया आरोप

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**

**राज कुमार**

टाटीझरिया थाना क्षेत्र में 30 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार करने का मामला सामने आया है। महिला ने टाटीझरिया थाना में आवेदन देकर कैटरिंग में उसके साथ काम करने वाले दो युवकों पर सामूहिक रूप से बलात्कार करने का मामला दर्ज कराया है। महिला ने थाना में आवेदन देकर मिंटू अंसारी पिता सेराज अंसारी निवासी जामा मस्जिद रोड बूचड टोली हजारीबाग और कलीम अंसारी निवासी हजारीबाग पर 26 अक. टूबर 2021 को बलात्कार करने का आरोप लगाया है। वह कैटरिंग में दोनों युवकों के साथ काम करती थी। बगोदर से हजारीबाग जाने के दौरान टाटीझरिया थाना क्षेत्र में उसके साथ दुष्कर्म किया गया है। महिला का ससुराल विष्णुगढ़ के नवादा में है जो पिछले कई वर्षों से हजारीबाग के रोमी पेलावल में किराए के मकान पर रह रही है। टाटीझरिया थाना कांड संख्या 69/21, 14-11-2021 धारा 328, 376, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर मेडिकल के लिए हजारीबाग भेज दिया है। सूचना के अनुसार महिला फिलहाल सदर अस्पताल हजारीबाग में एडमिट है।

## झारखंड स्थापना दिवस पर कई योजनाओं का उद्घाटन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**

**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में योजनाओं का उद्घाटन करते मुखिया समेत अन्य

विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जोबर में बिरसा मुंडा जयंती एवम झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर पंचायत जोबर में विभिन्न लो. ककल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन एवम शिलान्यास किया गया। जिसमें ग्राम बंदखारो टोला कल्हाबार में इंद्राम महतो घर से फूलचंद महतो के घर तक दो लाख 49 हजार 900 रुपये की लागत से पेबर ब्ल०क पथ निर्माण का उद्घाटन, ग्राम बंदखरो आदिवासी टोला मे गार्डवाल का शिलान्यास, ग्राम उच्चाघाना में वित्तीय वर्ष 2020-21 में 21 लाभुकों का प्रधानमंत्री आवास के तहत गृह प्रवेश कराया गया। इसके अलावा मनरेगा से बने कूप निर्माण का उद्घाटन, ग्राम अंबाटांड में पक्की सड़क से शिवमन्दिर तक पेबर ब्ल०क पथ निर्माण का उद्घाटन किया गया। ग्राम पंचायत प्रधान मुनीलाल महतो ने कहा कि जोबर पंचायत को विकास की ओर ले जाना मेरी प्राथमिकता है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गरीब जनता तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। मौके पर उपमुखिया रामटहल महतो, घुजन महतो, कामेश्वर महतो, पोखलाल महतो, टेकलाल महतो, गोविंद महतो, बंधन महतो, झरी मांझी, शिबूलाल सोरेन, तेजो महतो, प्रकाश महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर मुखिया ने प्रधान मंत्री आवास का फीता काट कर किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : गिरिडीह**

**रोहित कुमार**



गांडेय विधानसभा अंतर्गत कल ग्राम पंचायत मानजोरी के मंडरडीह ,पालोखरी, में झारखंड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर नव निर्मित प्रधान मंत्री आवास, एवम अंबेडकर आवास के ८ गृह प्रवेशष कलश , जल,एवम फीता काटकर गृह स्वामिनी को गृह प्रवेश करवाई गई। साथ ही आवास निर्माण के लिए सरकार आपके द्वार कार्यकर्म में आदरणीय गांडेय विधायक ड० सरफराज अहमद जी के निर्देशानुसार ,दीपक कु पाठक, लाभुक परिवार के सदस्य को राज्य सरकार द्वारा दिए गए प्रमाणपत्र को देकर सम्मानित किया। साथ वर्तमान पंचायत प्रधान गोरी शंकर साह, पंचायत समिति सदस्य उमेश तिवारी, पंचायत सचिव ,हरिहर महथा, पंचायत स्वयं सेवक अमित कुमार और दिगम्बर मोदी, वार्ड सदस्य बासदेव दास, मे गांडेय विधानसभा विधायक डॉ सरफराज अहमद जी के बतौर पंचायत प्रतिनिधि दीपक कु पाठक ओर ग्रमीण उपस्थित रहे ।

## बीडीओ ने किया वैक्सीनेशन केंद्रों का निरीक्षण दर्जन भर पीएम आवास का कराया गृह प्रवेश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद सिंह**



प्रखण्ड के विभिन्न वैक्स. िनेशन केंद्रों का निरीक्षण बीडीओ हुलास महतो ने मंगलवार को किया। निरीक्षण के क्रम में केंद्रों पर उपस्थित कर्मियों को कई तरह के दिशा निर्देश दिए। तथा ग्रामीणों से आग्रह किया, कि जो व्यक्ति अभी तक वैक्सीन नहीं लिए है। वे जरूर से जरूर वैक्सीनेशन केंद्रों पर आकर वैक्सीन लगवाएं। कोविड-19 से बचाव का एक मात्र उपाय वैक्स. िनेशन है। झारखंड स्थापना दिवस के दूसरे दिन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं बीपीओ निरंजन कुमार सिंह ने प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में दर्जन भर पीएम आवास गृह प्रवेश करवाया। गृह प्रवेश के मौके पर कहा कि सरकार जिन आवास लाभुकों को आवास दे रही है। समय पर आवास को पूर्ण करें। पैसा लेकर कार्य नहीं करने वाले लाभुकों पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा इधर विभिन्न प्रज्ञा केंद्रों में बन रही ई श्रम कार्ड का भी निरीक्षण किया।

